# सौ दिन में टेक्सटाइल पार्क पर काम शुरू

**लखनऊ, प्रमुख संवाददाता।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने प्रदेश में स्थापित होने वाले टेक्सटाइल पार्क की स्थापना का कार्य 100 दिन के अंदर शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में कृषि के बाद रोजगार की सबसे अधिक संभावनाएं एमएसएमई में हैं। उद्योगों की स्थापना से संबंधित योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए मिशन मोड पर काम किया जाए। मंत्री सचान ने सोमवार को खादी भवन में एमएसएमई, रेशम, खादी एवं ग्रामोद्योग की योजनाओं की प्रगति जानने के लिए समीक्षा बैठक की। फोकस कानपुर व गोरखपुर में प्रस्तावित टेक्सटाइल पार्क की स्थापना पर रहा। ये दोनों पार्क भारत सरकार से स्वीकृत हैं।